Title: Request the Government of India for early payment of dues to the employees of the Hindustan Steel Construction Limited (HSCL) and to provide an economic package for the same.

श्री रवीन्द्र कुमार पांडेय (गिरिडीह) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान हिन्दुस्तान स्टील कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, बोकारो के कर्मचारियों और मजदूरों की जर्जर स्थिति की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। यहां के लगभग चार हजार कर्मचारियों को 18 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। जिन कर्मचारियों ने वी.आर.एस. के तहत रिटायरमैंट लिया, उन्हें पेंशन का पूरा लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्हें ग्रेच्युटी, पी.एफ. और अन्य पेंशन सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। मैं भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि उनका अविलम्ब भुगतान करवाया जाए और एच.एस.सी.एल. को आर्थिक पैकेज दिया जाए। साथ ही साथ HSCL के कर्मचारियें को बोकारो इस्पात संयंत्र के अन्तर्गत सम्पादित किए जा रहे कुछ कार्यों का बंटवारा HSCL के कर्मचारियो के बीच किया जाए ।